SERVIZIO SANITARIO REGIONALE
EMILIA-ROMAGNA
Azienda Unità Sanitaria Locale di Reggio Emilia
IRCCS Istituto in tecnologie avanzate e modelli assistenziali in oncologia

----

के माता-पिता की सेवा में

यह महत्वपूर्ण है... स्पष्ट रूप से देखना

विषय: एम्ब्लीओपिआ (कमज़ोर नज़र) के शुरुआती निदान के लिए आर्थोपेडिक जाँच के लिए कॉल

प्रिय माता-पिता,

हम एम्ब्लीओपिआ के शुरुवाती निदान के लिए आपके बच्चे को आँखों की जाँच के लिए (तारीख)................. को (समय)........... बजे (स्थान)................................... पर आमंत्रित करना चाहते हैं

invitiamo il vostro bambino ad eseguire lo screening visivo per la diagnosi precoce dell'ambliopia il giorno................ alle ore...... presso...

एम्ब्लीओपिआ, जिसे आमतौर पर "कमज़ोर नज़र" के रूप में जाना जाता है, एक आँख में दृष्टि का कमज़ोर होना है जिसे चश्मे या अन्य ऑप्टिकल सहायक द्वारा ठीक नहीं किया जा सकता है, जो जीवन के प्रारंभिक वर्षों में असामान्य दृश्य विकास के कारण होता है।

एम्ब्लीओपिआ बचपन में कम दिखाई देने का सबसे आम कारण है, जो 2-4% बच्चों को प्रभावित करता है, और लक्षित उपचार के लिए समय पर निदान नहीं होने पर ठीक नहीं हो सकता है।

यदि 6 साल की उम्र से पहले एम्ब्लीओपिआ रोग का निदान किया जाता है, तो इसका ठीक से इलाज किया जा सकता है।

4 साल की उम्र में आँखों की जाँच कराना जरूरी है क्योंकि बच्चे एक आँख से कम दिखाई देने की पहचान खुद नहीं कर पाते हैं।

ऑर्थोप्टिक स्क्रीनिंग एम्ब्लीओपिआ के निदान और रोकथाम के लिए आँख की एक जाँच है।

स्क्रीनिंग मुफ़्त है और शरीर में कोई उपकरण डाले बिना होती है और लगभग 10 मिनट तक चलती है। स्क्रीनिंग एक रेजियो एमिलिया स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ऑर्थोप्टिस्ट द्वारा की जाती है।

संपर्क

यदि आप अधिक जानकारी चाहते हैं या यदि आँखों की अन्य समस्याओं के लिए आपके बच्चे का उपचार चल रहा है, तो 0522 335781 पर कॉल करें या screeningortottico@pec.ausl.re.it पर लिखें

अधिक (बहुभाषी सामग्री) खोजने के लिए www.ausl.re.it/screening-ortottico